मैहर को स्वच्छ और सुन्दर बनाने की प्रशासन ने शुरू की मुहिम

मैहर में 'स्वच्छ वार्ड रैंकिंग' अभियान शुरू, 24 वार्डों में होगी प्रतिस्पर्धा

नवभारत न्यूज

मैहर 04 मई./नगर पालिका परिषद मैहर द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत स्वच्छ वार्ड रैंकिंग अभियान की शुरुआत कर दी गई है। कलेक्टर मैहर बिदिशा मुखर्जी ने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में मैहर को स्वच्छ और सुन्दर बनाने की मुहिम में सभी नागरिकों से बढ-चढकर हिस्सा लेने की अपील की है।

इस अभियान के जरिए शहर के सभी 24 वार्डों में स्वच्छता को लेकर प्रतिस्पर्धा कराई जाएगी, ताकि मैहर को साफ-सुथरा और सुंदर बनाया जा सके। नगर पालिका के अनुसार वार्डों और कॉलोनियों के निवासी अपने क्षेत्र को स्वच्छ रखकर रैंकिंग में पहला स्थान प्राप्त कर सकते हैं। अभियान में कचरा प्रबंधन, प्लास्टिक मुक्त क्षेत्र, डोर-टू-डोर कलेक्शन, गीला-सूखा कचरा पृथक्करण और स्वच्छ शौचालय जैसे मानकों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। अभियान 01 अप्रैल से 25 मई 2026 तक चलेगा। इसके बाद 26 मई से 30 मई तक

आवेदन प्रस्तुत किए जाएंगे। रैंकिंग के परिणाम और सम्मान वितरण 5 जून 2026 को किया जाएगा। कलेक्टर ने बताया कि अभियान के तहत प्रत्येक वार्ड में ब्रांड एंबेसेडर नियुक्त किए जाएंगे, जो अपने-अपने क्षेत्रों में स्वच्छता बनाए रखने के लिए जनजागरूकता फैलाने और लोगों को प्रेरित करने का कार्य करेंगे। निर्धारित अवधि के बाद वार्डों का सर्वे किया जाएगा और जो वार्ड सबसे स्वच्छ पाया जाएगा, उसके ब्रांड एंबेसडर को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा, जनगणना कार्य में लगे सुपरवाइजरों के लिए भी प्रोत्साहन योजना लागू की गई है। समयबद्ध और उत्कृष्ट कार्य करने वाले सुपरवाइजरों को कलेक्टर के साथ रात्रिभोज का अवसर दिया जाएगा। कलेक्टर ने इस पहल को जनसहभागिता आधारित बताते हुए स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पार्षदों तथा आम नागरिकों से अभियान को सफल बनाने में सहयोग की अपील की है। उल्लेखनीय है कि इस पहल के माध्यम से प्रशासन स्वच्छता के प्रति प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित कर मैहर को स्वच्छता के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने की दिशा में कार्य कर रहा है।

'स्वच्छ वार्ड रैंकिंग विजेताओं का होगा सम्मान

नगर पालिका परिषद मैहर द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत चलाए जा रहे स्वच्छ वार्ड रैंकिंग अभियान के विजेताओं को आगामी 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर समारोह में सम्मानित किया जाएगा। कलेक्टर मैहर बिदिशा मुखर्जी द्वारा बेस्ट कॉलोनी के साथ-साथ बेस्ट वार्ड प्रभारी, स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों और बेस्ट स्वच्छाग्रहियों को भी बड़े मंच पर पुरस्कृत किया जाएगा।

दो बाइकों की सीधी भिड़ंत में एक युवक की दर्दनाक मौत

चार युवक गंभीर, सरई के दुधमनिया गांव की घटना

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 4 मई। सरई थाना क्षेत्र के दुधमनिया सड़क मार्ग में आज सोमवार की दोपहर के वक्त दो मोटरसाइकिलो के बीच आमने-सामने हुई भिड़ंत में एक युवक की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। एक युवक की हालत नाजुक है।

जानकारी के अनुसार शिवगढ़ निवासी श्यामबिहारी साहू उम्र 34 वर्ष मोटरसाइकिल से एक अपने अन्य साथी लवकेश साहू के साथ कहीं जा रहा था कि दुधमनिया में सामने से आ रही मोटरसाइकिल से भिड़ंत हो गई, जिसमें दोनों मोटरसाइकिल के चारों युवक घायल हो गये। सभी घायलों के उपचार के लिए सरई सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ले जाया गया, जहां श्यामबिहारी दम तोड़ दिया। वहीं एक युवक की हालत नाजुक बनी हुई है। दो युवको को सामान्य चोटे हैं।

सिंगरौली को बाल श्रम मुक्त बनाने अभियान तेज

श्रम विभाग की कार्रवाई में 3 बाल श्रमिक रेस्क्यू, नियोक्ताओं पर केस दर्ज

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 4 मई। जिले को बाल श्रम मुक्त बनाने के संकल्प के तहत प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देश पर श्रम विभाग की टीम ने शहर में संचालित पानी वितरण कार्य की आकस्मिक जांच की, जिसमें अनैतिक रूप से काम कर रहे तीन बाल श्रमिकों को रेस्क्यू किया गया। कार्रवाई के बाद संबंधित नियोक्ताओं के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

रेस्क्यू किए गए बच्चों को तत्काल संरक्षण में लेकर बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। समिति द्वारा बच्चों की काउंसलिंग कर उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने की प्रक्रिया शुरू की गई है, ताकि उनका भविष्य सुरक्षित किया जा सके। श्रम विभाग के अनुसार नियोक्ताओं द्वारा श्रम कानूनों का उल्लंघन पाया गया है, जिसके चलते बाल श्रम निषेध एवं नियमन अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बाल श्रम को बढ़ावा देने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को किसी भी कार्य में न लगाएं। यदि कहीं बाल श्रम की जानकारी मिले, तो तत्काल संबंधित विभाग को सूचित करें।

ऑपरेशन रिंगटोन 2 .0 के तहत खोजे गए 155 गुम मोबाइल

राज्य के 8 जिलों सहित गुजरात, उप्र और दिल्ली से किए गए ट्रेस

नवभारत न्यूज

सतना 4 मई. ऑपरेशन रिंगटोन 2.0 के अंतर्गत सतना पुलिस द्वारा गुम हुए 155 मोबाइल फोन को बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को लौटाए गए. लौटाए गए मोबाइल की कीमत 29.31 हजार रु बताई गई.

पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर शिवेश सिंह बघेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण प्रेम लाल कुर्वे सहित अन्य पुलिस अधिकारियों और साइबर सेल की मौजूदगी में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सोमवार को ऑपरेयान रिंगटोन 2.0 कार्यक्रम आयोजित किया गया. जिसके अंतर्गत 155 गुम हुए मोबाइलों को उनके वसर्विक

स्वामियों को वापस लौटा गया. अपने गुम हुए मोबाइल को मिलने की आस छोड़ चुके आमजन को जब उनके मोबाइल वापस मिले तो उनके चेहरों पर चमक आ गई. अपना अपना मोबाइल वापस पाकर लोगों ने पुलिस अधीक्षक व साइबर सेल सहित अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों को हृदय से धन्यवाद दिया. इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री सिंह ने बताया कि सेंटल इक्विमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर नामक पोर्टल के माध्यम से तकनीकी विश्लेषण कर विभिन्न कंपनियों के कुल 155 मोबाइल बरामद किए गए. बरामद किए गए मोबाइलों में सैमसंग, वनप्लस, ओप्पो, वीवो, पोको, रेडमी, रीयलमी, एमआई, इनफिनिक्स, लावा आदि कंपनियों के हैं. इसी कड़ी में आगे बताया गया कि गुम हुए मोबाइलों को सतना, रीवा, मैहर, रीवा, पन्ना, छतरपुर, चित्रकूट, मऊगंज, ठीकमगढ़ जिलों सहित गुजरात, दिल्ली और उत्तर प्रदेश से ट्रेस कर बरामद किया गया.

एसपी ने पुलिस कर्मियों की थपथपाई पीठ

इस असवर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा साइबर सेल और संबंधित थाना क्षेत्र के स्टॉफ के कार्य की सराहना करते हुए उन्हें पुरस्कृत किए जाने की घोषणा भी की. इसके अलावा पुलिस अधीक्षक द्वारा लोगों से यह अपील भी की गई कि किसी भी नागरिक का मोबाइल गुम अथवा चोरी हो जाने पर तत्काल नजदीकी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराएं और उसके बाद सीईआईआर पोर्टल पर जाकर मोबाइल को ब्लॉक करा दें, ताकि उसके दुरुपयोग को रोका जा सके.

आवश्यकता है
UV फार्मा को सतना, रीवा, कटनी मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव (MR) की आवश्यकता है. योग्यता के अनुसार वेतन
कार्यालय का पता : क्रिस्टकुला चौराहा, पतेरी, सतना (मध्य प्रदेश) पिन 485001
संपर्क नंबर :- 9691686252

ब्लाइंड चोरी का खुलासा, कोतवाली पुलिस ने 2 शातिर चोर दबोचे

▶ पकड़े गए चोरों की शिनाख्त पर 2.50 लाख के जेवरात बरामद

नवभारत न्यूज

सीधी, 4 मई. कोतवाली पुलिस ने ब्लाइंड चोरी का पर्दाफाश करते हुए 2 शातिर चोरो को दबोचते हुए 2.50 लाख के जेवरात बरामद किया।

थाना कोतवाली पुलिस ने ब्लाइंड चोरी के दो प्रकरणों का सफल खुलासा करते हुए दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार दिनांक 08 अप्रैल 2026 एवं 03 मई 2026 को कोतवाली क्षेत्र में घर एवं शादी समारोह स्थल से

अज्ञात चोरों द्वारा सोने-चांदी के जेवरात चोरी किए जाने की घटनाएं सामने आई थीं। दोनों प्रकरणों में धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान सीसीटीवी फुटेज, लोकेशन ट्रैकिंग एवं तकनीकी साक्ष्यों के विश्लेषण के आधार पर पुलिस ने संदिग्धों की पहचान कर घेराबंदी की और दोनों आरोपियों को हिरासत में लिया। सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपियों ने क्षेत्र में कई चोरी की घटनाएं करना स्वीकार किया। गिरफ्तार आरोपियों में अशोक सिंह 27 वर्ष निवासी उपनी, कृष्णा उर्फ नंदू कोल 20 वर्ष निवासी उरहट, थाना अमहिया रीवा, हाल पता कोटहा, सीधी शामिल हैं। आरोपी कृष्णा उर्फ नंदू के विरुद्ध पूर्व में लगभग एक दर्जन आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। आरोपियों के कब्जे से सोने-चांदी के जेवरात कुल कीमत लगभग 2 लाख 50 हजार बरामद किए गए हैं। दोनों आरोपियों को पृथक-पृथक अपराध में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अभिषेक उपाध्याय के नेतृत्व में उप निरीक्षक विवेक द्विवेदी, प्रआर तिलकराज सिंह, जितेन्द्र पाठक, संजय मौर्य, महिला प्रआर किरण मिश्र, आरक्षक बालेन्द्र सिंह एवं अनुराग यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

सोनवारी राशन दुकान विक्रेता के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

नवभारत न्यूज

मैहर 04 मई. कलेक्टर मैहर अनुविभागीय अधिकारी मैहर दिव्या पटेल ने बहुउद्देशीय सेवा सहकारी संस्था सोनवारी द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान कोठी के तत्कालीन विक्रेता शिवगोपाल सिंह के विरूद्ध मध्यप्रदेश सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2015 के प्रावधानों का उल्लंघन करने पर पुलिस में एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिये थे।

कनिष्ट आपूर्ति अधिकारी मैहर प्रियंका अग्रवाल ने संबंधित दुकान विक्रेता द्वारा जून 2025 से नवम्बर 2025 तक ग्रामीणों का फिंगर प्रिंट मशीन में अंगूठा लगवाने के बावजूद भी लगभग 6 लाख 25 हजार 987 रूपये मूल्य का खाद्यान्न गेहूं, चावल, नमक, शक्कर उपभोक्ताओं को वितरित नहीं करने पर पुलिस थाना कोतवाली जिला मैहर में आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3 और 7 के तहत एफआईआर दर्ज करा दी है। बहुउद्देशीय सेवा सहकारी संस्था द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान कोठी की आकस्मिक जांच के दौरान विभिन्न अनियमिततायें प्राप्त हुई थी। जिनमें विक्रेता शिवगोपाल सिंह द्वारा ग्रामीणों का फिंगर प्रिंट पीओएस मशीन में लगवाने के बावजूद उन्हें खाद्यान्न नहीं दिया गया। संबंधित विक्रेता द्वारा शासकीय उचित मूल्य की दुकान कोठी का कार्यभार संतोष कुशवाहा को दिसम्बर 2025 में सौपा गया।

फांसी के फंदे से लटका मिला महिला का शव

▶ मायके पक्ष ने लगाया हत्या का आरोप

नवभारत न्यूज

पन्ना, 04 मई. जिले के सलेहा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भाटिया में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। घटना को लेकर मायके पक्ष ने हत्या के आरोप लगाए हैं।

पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त हुई जानकारी के अनुसार, सीमा खातून पत्नी अनीश खान का शव बीते दिनों घर के अंदर फंदे पर लटका मिला। ससुराल पक्ष का कहना है कि महिला ने आत्महत्या की है, जबकि मायके पक्ष ने इस घटना को हत्या बताते हुए दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाया है। दो लाख रुपए के लिए दामाद करता था प्रताड़ित - मृतका की मां गुड्डी बाई ने कहा, उनकी बेटी को उसके पति द्वारा लंबे समय से प्रताड़ित किया जा रहा था। दामाद अनीश खान बार-बार दो लाख रुपये की मांग कर रहा था और इसी के चलते उनकी बेटी की हत्या कर उसे फांसी पर लटका दिया गया। उन्होंने मामले में पुलिस ने जांच कर बेटी के हत्यारे ससुराल वालों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। घटना की सूचना मिलते ही सलेहा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया है। इस पूरे मामले में पुलिस का कहना है कि फिलहाल मर्ग कायम कर मामलें को जांच में लिया गया है।

7 से शुरू होंगी बोर्ड की द्वितीय परीक्षाएं

सतना 4 मई. माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी द्वितीय परीक्षा वर्ष 2026 का आयोजन 7 मई से किया जाएगा। परीक्षाएं प्रतिदिन प्रात: 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक संचालित होंगी। जिला शिक्षा अधिकारी गिरीश अग्निहोत्री ने बताया कि परीक्षा के सफल संचालन के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

जल प्रदाय व सीवरेज परियोजनाओं को लेकर हुई समीक्षा बैठक

उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

नवभारत न्यूज

रीवा, 4 मई, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय में रीवा शहर में संचालित जल प्रदाय योजना एवं सीवरेज परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की. उन्होंने कार्यों की वर्तमान स्थिति, गुणवत्ता, समय-सीमा और वित्तीय विषयों पर विस्तार से चर्चा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए.

उन्होंने कहा कि सभी कार्य तय समय-सीमा में पूरे किए जाएँ, ताकि नागरिकों को समय पर बेहतर सुविधाएँ मिल सकें. बैठक में अपर मुख्य सचिव नगरीय विकास एवं

आवास संजय दुबे, आयुक्त संकेत भोंडवे तथा नगर निगम रीवा के आयुक्त अक्षत जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे. उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने जल प्रदाय व्यवस्था के अधूरे कार्यों को शीघ्र पूरा करने पर जोर दिया. उन्होंने विशेष रूप से ओवरहेड वाटर टैंक के निर्माण और जल वितरण नेटवर्क के विस्तार को आगामी वर्षा ऋतु से पहले पूर्ण करने के निर्देश दिए. साथ ही उन्होंने कहा कि कार्यों की निरंतर निगरानी सुनिश्चित की जाए, जिससे समयबद्ध क्रियान्वयन में किसी प्रकार की बाधा न आए. उन्होंने यह भी कहा कि निर्माण कार्यों के दौरान आमजन की दिनचर्या प्रभावित न हो, इसके लिए कार्यों को सुव्यवस्थित एवं चरणबद्ध तरीके से किया जाए. नागरिकों की सुविधा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर भी उन्होंने बल दिया. सीवरेज कार्यों की समीक्षा करते हुए उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने शेष पाइपलाइन बिछाने और हाउस सर्विस कनेक्शनों को प्राथमिकता के साथ जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि स्वच्छता और जनस्वास्थ्य के दृष्टिकोण से सीवरेज नेटवर्क का समय पर पूरा होना अत्यंत महत्वपूर्ण है. इसके साथ ही उन्होंने एसटीपी निर्माण कार्य को भी शीघ्र गति से पूरा करने के निर्देश दिए.



स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी * फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99